प्रसार भारती/Prasar Bharati
भारत का लोक सेवा प्रसारक/India's Public Service Broadcaster
कार्यालय उपमहानिदेशक (अभियांत्रिकी)/O/O The Deputy Director General (Engg.)
उच्च शक्ति प्रेषित्र, आकाशवाणी/High Power Transmitters, All India Radio
किंग्ज़वे, दिल्ली/Kingsway, Delhi - 110009
(E-mail: hpt_airkingsway@yahoo.co.in Ph./FAX : 011-27606668, 27606661)

स्पीड पोस्ट
SPEED POST

संख्या : एच.पी.टी.के.-01(12)(01)/नीलामी/ 2018-19/5602 दिनाँक/ Dated : 10-12-2018

12

इन्टरनेट साइट्स / Internet sites-
tenderhome.com,

info@tenderhome.com and
bhinternet@air.org.in

## नीलामी सूचना/ Notice of Auction

उच्च शक्ति प्रेषित्र, आकाशवाणी, किंग्ज़वे, दिल्ली-110009. में रखे हुऐ बिजली का पुराना अधिशेष / अप्रचलित सामान जो कि दो स्थानों पर रखा हुआ है उसकी नीलामी की जानी है । यह नीलामी मोहरबंद बोली/निविदा के माध्यम से दिनाँक 04.01.2019 को 1500 बजे की जाएगी । इच्छुक केता किसी भी कार्य दिवस पर उच्च शक्ति प्रेषित्र, आकाशवाणी, किंग्ज़वे, दिल्ली आकर इस अनुपयोगी अधिशेष/ अप्रचलित इलेक्ट्रीक्लस स्टोर को देख सकते हैं/इसकी जाँच कर सकते हैं ।

Surplus/obsolete Electrical store lying at two places at High Power Transmitters, All India Radio, Kingsway, Delhi -110009 is to be auctioned. This auction will take place on 04 January 2019 at 1500 HRS by way of sealed bids/tender. Interested buyers may see /check this Surplus/obsolete Electricals store by visiting this office on any working day.

संलग्न/Encl.

1.नीलामी के नियम एवं शर्ते (अनु.1)
Terms and Conditions of Auction (Annex.1)

(भास्कर भारद्वाज Bhaskar Bhardwaj)
(सहायक अभियंता Assistant Engineer)
(कृते उपमहानिदेशक (अभि.) for D.D.G. (Engg.)

2.अनुपयोगी/अधिशेष/अप्रचलित सामान की सूची (जहाँ है जैसा है) (अनु.2)
List of unserviceable/surplus/obsolete material (As is where is) (Annex.2)

संलग्न सूची के अनुसार सभी बोलीदाता/निविदाकार
All bidders/tenderers as per list enclosed

प्रतिलिपि/Copy to :

1.उपमहानिदेशक (अभि.), नया प्रसारण भवन, आकाशवाणी, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001 को इस अनुरोध सहित कि bhinternet@air.org.in के माध्यम से इस नीलामी सूचना को www.allindiaradio.gov.in पर अपलोड करने की कृपा करें ।

Deputy Director General (Engg.), New Broadcasting House, All India Radio, Parliament Street, New Delhi – 110001 with the request to upload this Notice of Auction on www.allindiaradio.gov.in through bhinternet@air.org.in

2. इन्टरनेट साइट्स/ Internet sites – tenderhome.com, info@tenderhome.com and bhinternet@air.org.in

3. सूचना पट्ट --उच्च शक्ति प्रेषित्र, आकाशवाणी, किंग्ज़वे,दिल्ली/मीडियम वेव प्रेषित्र, आकाशवाणी, माल रोड, दिल्ली/डी.-6 गोदाम एवं एन.ए.बी.एम., किंग्ज़वे कैम्प ।
Notice Board – HPT, AIR, Kingsway, Delhi/ Medium Wave Transmitter, AIR, Mall Road, Delhi/D-6 Godown and NABM, Kingsway Camp.



कृते उपमहानिदेशक (अभि.)for D.D.G.(Engg.)

अनुलग्नक -1
Annexure -1

## अधिशेष/अप्रचलित इलेक्ट्रीक्लस सामान की नीलामी के नियम एवं शर्तें

## Terms & Conditions of Auction of Surplus/obsolete Electricals Items

1. अधिशेष / अप्रचलित इलेक्ट्रीक्लस स्टोर का सामान जो कि दो स्थानों पर रखा हुआ है उसकी नीलामी 'जैसा है जहाँ है' आधार पर की जाएगी । इच्छुक क्रेता इस अधिशेष / अप्रचलित इलेक्ट्रीक्लस स्टोर के सामान को किसी भी कार्य दिवस में 10:00 बजे से 17:00 बजे तक उच्च शक्ति प्रेषित्र, आकाशवाणी, किंग्ज़वे, दिल्ली आकर देख/जाँच सकते हैं ।

Surplus/obsolete Electrical store lying at two places will be auctioned on 'as is where is basis'. Willing buyers may visit HPT, AIR, Kingsway, Delhi on any working day between 10:00 HRS to 17:00 HRS to inspect/check this Surplus/obsolete Electricals store.

2. निविदाकार अपनी निविदा दिनांक 04.01.2019 को 12:30 बजे तक अथवा उससे पहले कार्यालय परिसर में लगी निविदा पेटी में डाल सकते हैं अथवा स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकते हैं । अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा । निविदा वाले मोहरबंद लिफाफे पर निविदा का ब्योरा एवं निविदा खुलने की तारीख का उल्लेख होना चाहिए । मोहरबंद बोलियाँ/निविदाएं इस कार्यालय में दिनांक 04.01.2019 को 15:00 बजे उन निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी जो उस समय उपस्थित रहना चाहते हों ।

Tenderers may drop their tenders in the tender box placed in the office premises on or before 04 January 2019 at by 1230 HRS or send it by Speed Post/Registered Post. Tenders received after this will not be accepted. Sealed envelope containing tender should have on it the details of the tender and date of opening of it. Sealed biddings/tenders will be opened on 04January 2019 at 15:00 HRS. in this office in the presence of such tenderers or their representatives who wish to be present at that time.

3. निविदा के साथ **रु.20,000/-(शब्दों में रूपए बीस हजार मात्र)** का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक बयाना राशि के तौर पर जमा करवाना होगा जो डी.डी.ओ., एच.पी.टी., किंग्ज़वे दिल्ली को देय हो। निविदा अस्वीकार होने की स्थिति में यह राशि संबंधित निविदाकार को वापिस कर दी जाएगी । बयाने की राशि नकद रूप में स्वीकार्य नहीं है ।

A demand draft/banker's cheque of **Rs.20,000/- (In words Rupees Twenty Thousand only)** as an earnest money should be submitted with the tender in favour of DDO, HPT, AIR, Kingsway, Delhi. In case the tender is not accepted, this money will be returned to the tenderer. Earnest money is not acceptable in cash.

4. अधिशेष / अप्रचलित इलेक्ट्रीक्लस स्टोर को 'जैसा है जहाँ है' आधार पर नीलाम किया जाएगा । सूची, उल्लिखित मात्रा, गुणवत्ता एवं नाप अनुमानित हैं एवं किसी प्रकार की कोई वारंटी अथवा गारंटी अन्तर्निहित नहीं होगी । यह नीलामी पूरी तरह से इस धारणा/मान्यता पर है कि बोलीकर्ता/निविदाकार सामान को देख चुके हैं/उसकी जाँच कर चुके हैं । बोली/निविदा को कार्यालय द्वारा स्वीकार किए जाने के बाद किसी भी शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा ।

Surplus/obsolete Electrical store will be auctioned on 'as is where is' basis. List, Quantity mentioned, quality and measurement are estimated and do not contain any warranty or guarantee whatsoever. This auction is entirely based on the notion that bidder/tenderer has seen/checked the material. No complaint whatsoever will be entertained once the bid/tender has been accepted by the office.

5. दोनों स्थानों पर रखे अधिशेष/अप्रचलित इलेक्ट्रीक्लस स्टोर के लिए जिस बोलीकर्ता की बोली उच्चतम होगी यह सामान उस बोलीकर्ता को आबंटित कर दिया जाएगा बशर्ते बोली/निविदा की राशि आरक्षित मूल्य से कम ना हो । किसी भी परिस्थिति में सफल निविदाकार आबंटित सामान के अतिरिक्त कोई भी अन्य सामान नहीं ले जाएगा ।

Surplus/obsolete Electricals store lying at two places will be allocated to a bidder whose bid is found the highest provided the amount of bid is not less than the reserved price. Under no circumstances the successful bidder will take away any other material in addition to what has been allocated to him.

6. अधिशेष/अप्रचलित इलेक्ट्रीक्लस स्टोर के लिए उच्चतम बोली/निविदा को रेकॉर्ड किया जाएगा जो पुष्टि के अधीन होगा । नीलामी की तारीख को ही 15:30 बजे उच्चतम बोलियों/निविदाओं की सूचना दे दी जाएगी । यदि उच्चतम बोलीकर्ता/निविदाकार पुष्टि के उपरांत मुकर जाता है तो उसके द्वारा कार्यालय में जमा करवाई गई बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी । सामान की नीलामी उच्चतम बोलीकर्ता/निविदाकार को तभी की जाएगी जब बोली/निविदा की राशि आरक्षित मूल्य से कम ना हो ।

Highest bid/tender for the surplus/obsolete Electrical store will be recorded subject to confirmation. Information regarding Highest bid/tender will be given at 1530 HRS on the date of auction. If bidder/tenderer of highest bid/tender backs out after confirmation, the earnest money deposited by him will be forfeited. The surplus/obsolete Electrical store will be auctioned to the bidder/tenderer with highest bid/tender only when amount of the bid/tender is not less than the reserved price.

7. कार्यालयाध्यक्ष को यह अधिकार है कि वह बिना कोई कारण बताए नीलामी की किसी अथवा सभी बोलियों और अथवा निविदा प्रस्तावों को निरस्त कर सकता है ।

The Head of Office has the right to reject any or all the biddings of the auction and or tenders without assigning any reason.

8. खरीदे गए सामान को ले जाते समय अथवा हटाते समय यदि कार्यालय परिसर को किसी प्रकार की कोई क्षति पहुंचती है तो उसके लिए केता जिम्मेदार होगा तथा उसे इसकी क्षतिपूर्ति करनी होगी अन्यथा उसकी निविदा को निरस्त करते हुए उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी ।

While taking the auctioned junk or removing the same if office premises is damaged, then the buyer will be held responsible and will have to compensate otherwise his tender will be rejected and earnest money will be forfeited.

9. यदि नीलामी/बिक्री में किसी प्रकार का कोई विवाद उत्पन्न होता है तो कार्यालयाध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा और नीलामी में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को स्वीकार्य होगा । नीलामी में भाग लेकर बोली बोलने/निविदाएं जमा कराने से प्रतिभागियों के बारे में यह माना जाएगा कि उन्हें नीलामी के नोटिस में उल्लिखित सभी शर्तें मान्य हैं ।

If any controversy arises out of this auction, decision of the Head of Office will be final and acceptable to all the participants taking part in the auction. Bidding in the auction /tendering the tenders by the participants will be construed that all the conditions mentioned in the notice of auction are acceptable to them.

10. क्रेता शेष बिक्री मूल्य को वर्तमान में लागू जी.एस.टी. सहित डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के रूप में पुष्टि की तारीख से पाँच कार्यदिवसों के अन्दर–अन्दर इस कार्यालय में जमा करवाएगा । डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर जो किसी अधिसूचित बैंक का हो, डी.डी.ओ., एच.पी.टी., किंग्ज़वे दिल्ली के पक्ष में देय होना चाहिए ।

The remaining sale price will be deposited in the office by the buyer in form of Demand Draft/Pay Order with extant GST within five working days of the confirmation. Demand draft/Pay Order of any notified bank should be payable in favour of DDO, HPT, AIR, Kingsway, Delhi.

11.उच्चतम बोली की पुष्टि होने की तारीख से पाँच दिनों के अन्दर–अन्दर क्रेता को वैध गेट पास के साथ नीलाम किया गया अधिशेष/अप्रचलित इलेक्ट्रीक्लस स्टोर से ले जाना होगा । नीलाम किया गया सामान किसी कार्यदिवस पर कार्यालय समय में ही ले जाने दिया जाएगा ।

The buyer will have to take away the auctioned surplus/obsolete Electrical store within five days of the confirmation of the highest bid. The auctioned material will have to be taken away only on any working day.

12. क्रेता को यह सामान ले जाने के संबंध में परिवहन की व्यवस्था स्वयं ही करनी होगी और वह इस संबंध में इस कार्यालय से किसी प्रकार की सुविधा अथवा सहायता का दावा करने का हकदार नहीं होगा ।

The buyer will have to arrange for transportation of the auctioned material and he will in no way be entitled for any claim of facility or help in this regard.

13. सरकार द्वारा लगाए जाने वाले कर एवं शुल्क जो भी लागू हो अतिरिक्त होंगे एवं उनका वहन क्रेता द्वारा किया जाएगा ।

Tax and fee to be imposed by the Govt., whichever in force, will be extra and borne by the buyer.

10.12

(भास्कर भारद्वाज Bhaskar Bhardwaj)
(सहायक अभियंता Assistant Engineer)
(कृते उपमहानिदेशक (अभि.) for D.D.G. (Engg.)

सभी नियम एवं शर्तें पढ़ ली गई हैं एवं मुझे मंजूर हैं ।
**All terms & conditions have been read and are acceptable to me.**

बोलीकर्ता/निविदाकार के हस्ताक्षर
**Signature of Bidder/Tenderer**

मो. नम्बर / **Mob. Number :**

अनुलग्नक –2
Annexure -2

# अधिशेष/अप्रचलित इंजीनियरिंग स्टोर की नीलामी
# Auction of Surplus/Obsolete Engineering Store

| | |
|---|---|
| 1. बिजुली का पुराना अधिशेष / अप्रचलित कबाड. सामान<br>अधिशेष/अप्रचलित का मूल्य : | रु |
| | GST-18% |
| | CST – 2% |
| | टोटल राशी टेक्श सहित– |

2. बयाने का ब्योरा :
**Details of earnest money**

3. डी.डी./बैंकर चैक जारी करने वाली बैक शाखा का नाम :
**Name of the branch of the bank issuing DD/Banker Cheque**

4. डी.डी./बैंकर चैक संख्या :
**Number of DD/Banker Cheque**

5. बोलीकर्ता/निविदाकार का नाम एवं फर्म का नाम :
**Name and Firm Name of the bidder/tenderer**

6. मो. नम्बर / **Mob. Number :**

सभी नियम एवं शर्ते पढ़ ली हैं एवं ये मुझे मंजूर हैं ।
**I have read all terms & conditions and these are acceptable to me.**

बोली लगाने वाले के मोहर सहित हस्ताक्षर
**Signature of the bidder with stamp**

नोट : नीलामी के लिए प्रस्तावित इस अधिशेष/अप्रचलित इलेक्ट्रीक्लस स्टोर के लिए **रू.20,000/–(शब्दों में रूपए बीस हजार मात्र)** का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चैक बयाना राशि के तौर पर जमा करवाना होगा ।

**Note : Demand Draft/Banker Cheque of Rs.20,000/- (In words Rupees Twenty Thousand only)** will have to be deposited as an earnest money for the proposed auction of the surplus/obsolete Electrical store.

10.12

(भारकर भारद्वाज Bhaskar Bhardwaj)
(सहायक अभियंता Assistant Engineer)